# Daily Current Affairs

Date : 06 October, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान अंतरराष्ट्रीय लोक महोत्सव (JODHPUR RIFF) - 2025 |
| 2. | देश का सबसे बड़ा टायर रीसाइक्लिंग प्लांट : सोनियाना (चित्तौड़गढ़) |
| 3. | पीएम-सेतु योजना के तहत ITI भरतपुर बनेगा हब |
| 4. | राजस्थान में पर्यटन विकास हेतु वित्तीय स्वीकृति |
| 5. | चर्चा में सरिस्का टाइगर रिज़र्व (अलवर) |
| 6. | डेक्स्ट्रोमेथोर्फन |
| 7. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'आपणी बस-राजस्थान रोडवेज' का शुभारम्भ<br>2. 6th एन्युअल कॉन्फ्रेंस ऑफ द इंडियन सोसाइटी फॉर हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांटेशन<br>3. स्वयंसिद्धा-दीवाली प्रदर्शनी – 2025<br>4. अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वाँ अधिवेशन : जयपुर<br>5. नमोवन बायोडायवर्सिटी पार्क : अलवर<br>6. 11वीं अखिल भारतीय संगीत व नृत्य प्रतियोगिता 'रागा हारमनी'<br>7. डॉ. धीरज दुबे<br>8. न्यायाधीश अजय रस्तोगी<br>9. मेडप्रेन्योर 2025<br>10. 30वीं राजस्थान स्टेट सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता<br>11. 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता (U-19) |
| 8. | स्वदेशी अभियान |
| 9. | मड वोल्केनो |
| 10. | वंदे मातरम |
| 11. | NATO पाइपलाइन प्रणाली |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 12. | आकांक्षी कृषि जिलों (AADs) की पहचान |
| 13. | आदिवासी ग्राम विज़न 2030 घोषणा-पत्र |
| 14. | रुपये का अंतर्राष्ट्रीयकरण |
| 15. | स्टेबलकॉइन |
| 16. | नैटपोलरेक्स-अभ्यास, 2025 |
| 17. | भारत-ब्रिटेन अभ्यास कोंकण, 2025 |
| 18. | भारत को ISSA अवॉर्ड 2025 |
| 19. | अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस, 2025 : 2 अक्टूबर |
| 20. | विश्व शिक्षक दिवस, 2025 : 5 अक्टूबर |
| 21. | विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2025 |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान अंतरराष्ट्रीय लोक महोत्सव (JODHPUR RIFF) - 2025

### चर्चा में क्यों?

- 2 से 6 अक्टूबर, 2025 तक जोधपुर रिफ (RIFF) के नाम से प्रसिद्ध 'राजस्थान अंतरराष्ट्रीय लोक महोत्सव - 2025' का आयोजन किया गया।

### मुख्य बिन्दु:


- **आयोजन :** जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में शरद पूर्णिमा के दौरान प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है।
- **संकल्पना और शुरुआत :** जोधपुर RIFF की शुरुआत वर्ष 2007 में जोधपुर पूर्व-राजपरिवार के सदस्य गजसिंह द्वितीय द्वारा की गई थी।
- **आयोजक :** मेहरानगढ़ संग्रहालय ट्रस्ट, जोधपुर।
- **उद्देश्य :** राजस्थान के प्रतिभाशाली कलाकारों को सांस्कृतिक मंच प्रदान करना।
- **महोत्सव का ऐतिहासिक महत्त्व :** यह उत्सव प्रति वर्ष मेहरानगढ़ किले में आयोजित होता है, जिसे टाइम पत्रिका द्वारा 'एशिया के सर्वश्रेष्ठ किले' का खिताब दिया गया है।
- **वर्ष 2025 के मुख्य साझेदार :** क्रिएटिव ऑस्ट्रेलिया, इतालवी विदेश मंत्रालय और पॉलिश इंस्टिट्यूट नई दिल्ली।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **लोक कला :** लोक कला का तात्पर्य उन कला रूपों से है जो जनसामान्य के बीच उत्पन्न होती हैं और समाज के पारंपरिक जीवन, सांस्कृतिक धरोहर और रीति-रिवाजों का प्रतिबिंब होती हैं।
- ये कला रूप समाज के सभी वर्गों में सामान्य रूप से प्रचलित होते हैं और इनका उद्देश्य मनोरंजन, धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक अवसरों और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रकट करना होता है।
- लोक कला के प्रमुख रूपों में नृत्य, संगीत, चित्रकला, शिल्प, हस्तशिल्प, रंगीन वस्त्र, लोककथाएँ और कठपुतलियाँ आदि शामिल होते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# देश का सबसे बड़ा टायर रीसाइक्लिंग प्लांट : सोनियाना (चित्तौड़गढ़)



## चर्चा में क्यों?

- जयपुर की रीग्रिप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा चित्तौड़गढ़ के सोनियाना औद्योगिक क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा टायर रीसाइक्लिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा।

## मुख्य बिन्दु:

- इस प्लांट की डिजिटल शुरुआत उप-मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और अभिनेता सुनील शेट्टी द्वारा जयपुर से की गई।
- यह प्लांट भारतीय तकनीक 'कंटिन्युअस पाइरोलिसिस' द्वारा प्रतिदिन 180 टन टायर रीसाइकिल करने में सक्षम होगा।
- वार्षिक 54,000 टन टायर से कार्बन ब्लैक, पाइरोलिसिस ऑयल और स्टील बनेगा, जिससे प्रतिवर्ष कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।
- **लक्ष्य :** कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2035 तक भारत को टायर-न्यूट्रल देश बनाना है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **उद्योगों में 3R :** 3R नीति उद्योगों में संसाधनों की बचत, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनाई जाती है।
- **Reduce (घटाना) –** उत्पादन या उपभोग में उन वस्तुओं का उपयोग कम करना जिनसे कचरा या प्रदूषण बढ़ता है।
- **उदाहरण :** कम पैकेजिंग सामग्री का प्रयोग करना।
- **Reuse (पुनः उपयोग करना) –** किसी वस्तु को फेंकने के बजाय उसे दोबारा उपयोग में लेना।
- **उदाहरण :** पुराने टायर, बोतलें या डिब्बे को अन्य कार्यों में इस्तेमाल करना।
- **Recycle (पुनर्चक्रण करना) –** बेकार वस्तुओं या कचरे को प्रसंस्करण के माध्यम से फिर से उपयोगी उत्पाद में बदलना।
- **उदाहरण :** प्लास्टिक, कागज़ या धातु को पुनर्चक्रित करके नई वस्तुएँ बनाना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पीएम-सेतु योजना के तहत ITI भरतपुर बनेगा हब




### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, पीएम-सेतु योजना के प्रथम चरण में राजस्थान के भरतपुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITIs) को हब के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की गई।

### मुख्य बिन्दु:

- साथ ही, इस योजना के तहत ITI धौलपुर, ITI करौली, ITI कामां और ITI बयाना को स्पोक संस्थानों के रूप में उन्नत किया जाना प्रस्तावित है।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान सरकार द्वारा पीएम-सेतु योजना (ITIs उन्नयन) के पायलट चरण के अंतर्गत दो प्रस्तावित उद्योग क्लस्टरों के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए थे। क्लस्टर 1 में भरतपुर क्षेत्र के अंतर्गत भरतपुर, धौलपुर, करौली, कामां (डीग) और बयाना को शामिल किया गया है।
- राजस्थान में स्थापित होने वाले इस क्लस्टर का मुख्य फोकस मैन्युफैक्चरिंग, कृषि और हॉस्पिटैलिटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर रहेगा।
- पीएम-सेतु योजना के तहत प्रत्येक हब से औसतन चार स्पोक संस्थान जुड़े होंगे, जो अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक मशीनरी, डिजिटल लर्निंग सिस्टम और उन्नत ट्रेड्स से सुसज्जित होंगे।


### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

#### पीएम-सेतु योजना:

- **पूरा नाम :** प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड ITIs
- **वित्तीय परिव्यय :** ₹60,000 करोड़।
- **प्रकार :** केंद्र प्रायोजित योजना।
- **उद्देश्य :** इस योजना के अंतर्गत देश भर के 1,000 सरकारी ITIs संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिन्हें 200 हब और 800 स्पोक मॉडल में संगठित किया जाएगा।
- **सम्बद्ध मंत्रालय :** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में पर्यटन विकास हेतु वित्तीय स्वीकृति




## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक पर्यटन स्थलों के जीर्णोद्धार, सौन्दर्यकरण एवं विकास के लिए हाल ही में वित्त विभाग ने पर्यटन विभाग को 22 करोड़ 93 लाख 12 हजार रूपये की वित्तीय सहमति प्रदान की।

## मुख्य बिन्दु:

- वित्त विभाग द्वारा जारी हालिया वित्त से निम्न स्थानों पर विकास कार्यों को सम्पन्न किया जाएगा।

1. जयपुर में हेरिटेज ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आइकॉनिक ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में नाहरगढ़ एवं आमेर में संरक्षण और जीर्णोद्धार कार्य।
2. रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर का विकास।
3. पर्यटन विभाग द्वारा हम्मीर महल से त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक सुगम रास्ते का निर्माण करवाया जायेगा।
4. द्वारिकाधीश मंदिर, कांकरोली (राजसमंद)
5. रामदेवजी जन्मस्थली, रामदेरिया (बाड़मेर)
6. भोमिया जी मंदिर, माधोराजपुरा (जयपुर)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

7. डोवा रामजी महाराज तीर्थ, बालरई (पाली)
8. चामुण्डा माताजी मंदिर, सिरोही
9. नीमच माता मंदिर, उदयपुर
10. धुधलेश्वर महादेव, गुड़ामालानी (बाड़मेर)
11. हल्देश्वर महादेव मंदिर, बालोतरा
12. कुबाजी महाराज तीर्थ, सुमेरपुर (पाली)
13. बरौली धाऊ, कामां (डीग) – ग्रामीण पर्यटन।
14. पदम हवेली, भरतपुर – जीर्णोद्धार कार्य।
15. विमल कुण्ड, कामां (डीग) – सौन्दर्यकरण कार्य।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**


- राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1955 में राज्य पर्यटन निदेशालय तथा वर्ष 1978 में राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RTDC) की स्थापना की गई।

**राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP) – 2024**

- **लॉन्च :** 4 दिसम्बर, 2024
- **उद्देश्य :** राजस्थान पर्यटन से जुड़े निवेशकों एवं उद्यमियों को देय लाभों में वृद्धि करने तथा निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करना।
- यह नीति हेरिटेज होटलों और संपत्तियों के लिए छूट प्रदान करने, निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विरासत संपत्तियों का लाभ उठाने पर मुख्य रूप से जोर देती है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन नीति में होटल, रेस्तरां और अन्य पर्यटन-संबंधित प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चर्चा में सरिस्का टाइगर रिज़र्व (अलवर)




## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, सरकार द्वारा 'सरिस्का बाघ संरक्षण योजना-2034' पर रोक लगाए जाने की घोषणा की गई।

## मुख्य बिन्दु:

- बाघ संरक्षण योजना से पूर्व सरिस्का अभयारण्य के क्षेत्र का पुनर्निधारण किया जाएगा। साथ ही, इसके क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट (CTH) के एरिया की मैपिंग भी की जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि सरिस्का बाघ अभयारण्य में बाघों का संरक्षण प्लान 10 वर्ष के लिए वर्ष 2014 में तैयार किया गया था। विगत 10 वर्षों में इस टाइगर रिज़र्व में 44 बाघों की वृद्धि देखी गई।

### क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट (CTH)

- क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट को राज्य सरकारों द्वारा वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत अधिसूचित किया जाता है।
- इसे टाइगर रिज़र्व के 'कोर क्षेत्र' के रूप में भी जाना जाता है। भारत में क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट के तहत सबसे बड़ा क्षेत्र 'श्रीशैलम टाइगर रिज़र्व' का 'नागार्जुनसागर' क्षेत्र है।
- यह राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्यों के सीमांत क्षेत्र होते हैं। इन्हें वनस्पतियों के अधिकारों को प्रभावित किए बिना बाघ संरक्षण के उद्देश्य से अनुल्लंघित रखा जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सरिस्का टाइगर रिज़र्व:

- सरिस्का टाइगर रिज़र्व अरावली की पहाड़ियों में अलवर जिले में स्थित है।
- इसे वर्ष 1955 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था। बाद में, वर्ष 1978 में इसे बाघ अभयारण्य का दर्जा मिला और यह प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल हो गया।
- वर्ष 1982 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया।
- वर्ष 2004 में स्थानीय विलुप्ति के बाद बाघों को पुनः संरक्षित करने वाला यह विश्व का पहला अभयारण्य है।
- **वनस्पति :** सरिस्का की वनस्पति उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वनों और उत्तरी उष्णकटिबंधीय कंटीले वनों के समान है।
- कांकनवाड़ी किला इस रिज़र्व के मध्य में बना हुआ है। माना जाता है कि मुगल सम्राट औरंगजेब ने सत्ता संघर्ष के दौरान अपने भाई दारा शिकोह को इसी किले में कैद किया था।
- यहां पांडवों से जुड़ें पांडुपोल नामक स्थल पर भगवान हनुमान का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है।

### बाघ के बारे में:

- **वैज्ञानिक नाम -** पैंथेरा टाइग्रिस।
- विश्व के कुल बाघों की संख्या का 75 प्रतिशत भारत में पाया जाता है।

### संरक्षण स्थिति:

- भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में।
- अन्तरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय (Endangered)
- वन्यजीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अन्तरराष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES) के परिशिष्ट- I में सूचीबद्ध।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डेक्स्ट्रोमेथोर्फन

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार ने डेक्स्ट्रोमेथोर्फन खांसी की सिरप के वितरण पर रोक लगा दी।

## मुख्य बिन्दु:

- डेक्स्ट्रोमेथोर्फन एक ओपिओइड खांसी रोकने वाली दवा है, लेकिन यह 5 साल से छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं मानी जाती है।
- खांसी की सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकोल और एथिलीन ग्लाइकोल की उपस्थिति को लेकर भी चिंता प्रकट की गई है।
- ये दोनों रंगहीन औद्योगिक रसायन हैं, जो ब्रेक फ्लूइड, एंटीफ्रीज, पेंट, प्लास्टिक और कुछ घरेलू उत्पादों में सामान्यत: इस्तेमाल होते हैं।
- इन्हें अक्सर सुरक्षित पदार्थ प्रोपिलीन ग्लाइकोल की जगह इस्तेमाल किया जाता है, जो एक सॉल्वेंट है और दवाओं को तरल रूप में घोलने में मदद करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **‘आपणी बस-राजस्थान रोडवेज’ का शुभारम्भ**<br>■ हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति से ‘आपणी बस-राजस्थान रोडवेज’ ग्रामीण परिवहन सेवा का शुभारम्भ किया।<br>■ ‘आपणी बस-राजस्थान रोडवेज’ ग्रामीण परिवहन सेवा के तहत रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर 357 मार्गों पर बसें संचालित की जाएंगी। |
| 2. | **6th एन्युअल कॉन्फ्रेंस ऑफ द इंडियन सोसाइटी फॉर हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांटेशन**<br><br>■ हाल ही में, जयपुर में ‘6th एन्युअल कॉन्फ्रेंस ऑफ द इंडियन सोसाइटी फॉर हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांटेशन’ का आयोजन किया गया।<br>■ आयोजन तिथि : 3-5 अक्टूबर, 2025<br>■ स्थान : राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर।<br>■ उद्देश्य : भारत में हृदय एवं फेफड़े प्रत्यारोपण के क्षेत्र में ज्ञान, अनुभव और प्रगति साझा करने हेतु एक मंच प्रदान करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **स्वयंसिद्धा-दीवाली प्रदर्शनी - 2025**<br>■ हाल ही में, अलवर में लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा 'स्वयंसिद्धा-दीवाली प्रदर्शनी 2025' का आयोजन किया गया।<br>■ उद्देश्य : महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके हुनर को बाजार से जोड़ना।<br>■ प्रदर्शनी में गृह सज्जा, फैशन, आभूषण, हस्तशिल्प, त्योहारी सजावट और पारंपरिक परिधानों के विक्रय हेतु स्टॉल लगाई गई। |
| 4. | **अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वाँ अधिवेशन : जयपुर**<br>■ हाल ही जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में 'अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के 9वें अधिवेशन' का आयोजन किया गया।<br>■ आयोजन : 5 से 7 अक्टूबर, 2025 |
| 5. | **नमोवन बायोडायवर्सिटी पार्क : अलवर**<br>■ हाल ही में, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्य मंत्री (राजस्थान) संजय शर्मा ने अलवर जिले में प्रतापबंध स्थित 'नमोवन बायोडायवर्सिटी पार्क' के रिनोवेशन और विकास कार्यों का लोकार्पण किया। |
| 6. | **11वीं अखिल भारतीय संगीत व नृत्य प्रतियोगिता 'रागा हारमनी'**<br>■ हाल ही में, अलवर में 11वीं अखिल भारतीय संगीत व नृत्य प्रतियोगिता 'रागा हारमनी' का आयोजन किया गया।<br>■ आयोजक : आर्काइव्ज म्यूजिका संगीत कला विद्यालय, अलवर।<br>■ आयोजन : 5 व 6 अक्टूबर, 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **7.** | **डॉ. धीरज दुबे**<br>■ हाल ही में, लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स (यूके संसद) में आयोजित 'इंडो-यूके लीडरशिप समिट 2025' के दौरान जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी में अग्रणी कार्य करने वाले डॉ. धीरज दुबे (आर्थोपेडिक सर्जन, जयपुर) को सम्मानित किया गया।<br>■ डॉ. धीरज दुबे यह सम्मान प्राप्त करने वाले उत्तर भारत के पहले जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन है। |
| **8.** | **न्यायाधीश अजय रस्तोगी**<br>■ हाल ही में, राजस्थान क्रिकेट संघ (RCA) की एड हॉक कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी को RCA का नया लोकपाल नियुक्त किया।<br>■ इस नियुक्ति के बाद RCA से जुड़े सभी विवादों की सुनवाई लोकपाल के समक्ष होगी। |
| **9.** | **मेडप्रेन्योर 2025**<br>■ 4 और 5 अक्टूबर, 2025 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में 'मेडप्रेन्योर 2025' का आयोजन किया गया।<br>■ **आयोजक :** यूनाइटेड प्राइवेट क्लीनिक्स एण्ड हॉस्पिटल्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (UPCHAR)<br>■ यह शिखर सम्मेलन डॉक्टरों, नवोन्मेषकों, स्टार्टअप्स और छात्रों के लिए एक साथ आने और अत्याधुनिक चिकित्सा व्यवसाय विचारों, स्वास्थ्य देखभाल नवाचारों और उद्योग जगत के नेताओं के साथ नेटवर्किंग के अवसरों का पता लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **10.** | **30वीं राजस्थान स्टेट सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता**<br>■ **आयोजन :** 5 से 8 अक्टूबर, 2025 तक।<br>■ **आयोजक :** राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में हनुमानगढ़ जिला हैंडबॉल संघ।<br>■ **प्रतिभागी :** 51 टीमें भाग ले रही है, जिसमें बालक वर्ग में 32 एवं बालिका वर्ग में 19 टीमें है। |
| **11.** | **69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता (U-19)**<br>■ **आयोजन :** धौलपुर में।<br>■ **रिकर्व राउंड (19 वर्ष छात्र वर्ग):**<br>○ **प्रथम स्थान –** तन्मय सिंघाटिया (जयपुर प्रथम) – 605 अंक।<br>○ **द्वितीय स्थान –** मिरव शर्मा (जयपुर द्वितीय) – 593 अंक।<br>○ **तृतीय स्थान –** सौरभ निवाड़ (हनुमानगढ़) – 590 अंक।<br>■ **रिकर्व राउंड (19 वर्ष छात्रा वर्ग):**<br>○ **प्रथम स्थान –** डोरिस खटाना (कोटपुतली बहरोड़) – 579 अंक।<br>○ **द्वितीय स्थान –** दुर्गेश्वरी राठौड़ (जोधपुर) – 466 अंक।<br>○ **तृतीय स्थान –** नियती भारद्वाज (जयपुर) – 442 अंक। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## स्वदेशी अभियान

### चर्चा में क्यों?

- देश में हथकरघा, हस्तशिल्प और वस्त्र उत्पादों की घरेलू मांग को बढ़ावा देने के लिए वस्त्र मंत्रालय स्वदेशी अभियान शुरू किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **अभियान की अवधि :** 6 से 9 महीनों तक सम्पूर्ण भारत में।
- **अभियान का नारा :** 'स्वदेशी कपड़ा, देश की शान'।

**इस अभियान का लक्ष्य और उद्देश्य है:**

- **घरेलू मांग को प्रोत्साहित करना :** घरेलू वस्त्र उपभोग में वृद्धि करना, विशेष रूप से शहरी युवाओं और जेन-जी के मध्य।
- **राष्ट्रीय पहचान के रूप में वस्त्र विरासत को शामिल करना :** भारतीय वस्त्रों को गर्व और शैली के प्रतीक के रूप में पुनः स्थापित करना, विशेष रूप से युवाओं और शहरी उपभोक्ताओं के मध्य।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उत्पादकों और MSME को सशक्त बनाना :** बुनकरों, कारीगरों और वस्त्र एमएसएमई के लिए बाजार पहुंच और आय के अवसरों का विस्तार करना।
- **आत्मनिर्भर भारत के साथ तालमेल बनाना :** वस्त्र उद्योग के लिए PLI, पीएम मित्र पार्क, ODOP जैसी पहलों के साथ अभियान प्रयासों को एकीकृत करना।
- **संस्थागत खरीद को प्रोत्साहन :** मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों को वर्दी, साज-सज्जा आदि में भारतीय निर्मित वस्त्रों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- भारत का वस्त्र और परिधान बाजार 2024 में 179 बिलियन डॉलर का है, जो 7 प्रतिशत से अधिक की औसत वार्षिक वृद्धि दर (AAGR) से बढ़ रहा है।
- घरेलू बाजार में घरेलू (HH) क्षेत्र का योगदान 58 प्रतिशत है और यह 8.19 प्रतिशत की CAGR से बढ़ रहा है। इसी समय, गैर-घरेलू खपत घरेलू बाजार का 21 प्रतिशत है और 6.79 प्रतिशत की CAGR से बढ़ रहा है।
- घरेलू मांग प्रति वर्ष 9 से 10 प्रतिशत की CAGR से बढ़ेगी और 2030 तक वस्त्रों की कुल घरेलू मांग 250 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मड वोल्केनो

## चर्चा में क्यों?

- भारत के एकमात्र मड वोल्केनो में 20 वर्षों बाद उद्गार हुआ है। यह बारातांग द्वीप (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) में स्थित है।

## मुख्य बिन्दु:

### मड वोल्केनो

- यह एक भौतिक संरचना है, जिससे गाद (मड), जल, और गैसों (मुख्य रूप से मीथेन, कभी-कभी कार्बन डाइऑक्साइड या नाइट्रोजन) के मिश्रण का पृथ्वी की सतह पर उद्गार होता है। इससे शंकु जैसे आकार का निर्माण होता है, जो वास्तव में ज्वालामुखियों के समान होते हैं, लेकिन इनमें से गर्म लावा नहीं निकलता है।
- मड वोल्केनो आमतौर पर उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहां प्राकृतिक गैस मौजूद होती है।
- मड वोल्केनो का उद्गार पृथ्वी की विवर्तनिक (टेक्टोनिक) शक्तियों या हाइड्रोकार्बन गैसों के संचय के कारण होता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वंदे मातरम्

## चर्चा में क्यों?

- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पूरे देश में मनाने की घोषणा की।

## मुख्य बिन्दु:

- **उत्पत्ति:** इसकी बंकिम चंद्र चटर्जी ने संस्कृत में रचना की थी और इसे पहली बार 'आनंदमठ' (1882) उपन्यास में प्रकाशित किया था।
- 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्र गान (जन गण मन) के बराबर दर्जा दिया गया।
- 'जन गण मन' मूल रूप से रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा बंगाली भाषा में रचा गया था। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने इसे हिंदी संस्करण के रूप में अपनाया था।
- इसे रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में गाया था।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## NATO पाइपलाइन प्रणाली

### चर्चा में क्यों?

- **पोलैंड अब NATO पाइपलाइन प्रणाली में शामिल होगा।**

### मुख्य बिन्दु:

- **इसे शीत युद्ध के दौरान NATO बलों को ईंधन की आपूर्ति करने के लिए स्थापित किया गया था।**
- **उद्देश्य: यह आज भी NATO अभियानों के लिए पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करती है।**
- **दायरा: यह प्रणाली 12 NATO देशों में फैली हुई है, जो स्टोरेज डिपो, मिलिट्री एयरबेस, सिविल एयरपोर्ट, रिफाइनरी, पंपिंग स्टेशन, और ट्रक/ रेल लोडिंग स्टेशन को जोड़ती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## आकांक्षी कृषि जिलों (AADs) की पहचान

**चर्चा में क्यों?**

- केंद्र सरकार ने 100 आकांक्षी कृषि जिलों (AADs) की पहचान की है।

**मुख्य बिन्दु:**

- 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अवस्थित इन जिलों को प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत विकसित किया जाएगा।
- आकांक्षी कृषि जिलों (AADs) की पहचान तीन प्रमुख कारकों के आधार पर की गई है – निम्न उत्पादकता, कम फसल गहनता और औसत से कम ऋण पहुंच।
- सरकार ने चयनित जिलों में योजना के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए केंद्रीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।
- योजनाओं के प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा।

**प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PMDDKY)**

- यह योजना नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य देश के 112 सबसे पिछड़े जिलों का विकास करना है।
- **योजना अवधि:** 6 वर्ष (2025-26 से प्रारंभ)।
- **योजना अभिसरण:** यह योजना 100 कृषि जिलों में 11 मंत्रालयों की 36 केंद्रीय योजनाओं का पूर्ण कार्यान्वयन आधारित अभिसरण सुनिश्चित करेगी।
- **विस्तार:** प्रत्येक राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश में चयनित जिलों की संख्या निवल फसली क्षेत्र और परिचालनात्मक भूमि जोतों के अनुपात पर आधारित होगी। प्रत्येक राज्य से कम-से-कम एक जिले का चयन किया जाएगा।
- **जिला स्तरीय नियोजन:** प्रत्येक चयनित जिले में जिला धन-धान्य कृषि योजना (DDKY) समिति बनाई जाएगी। इसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर या ग्राम पंचायत करेगी। यह समिति जिले की कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों की योजना तैयार करेगी।
- **प्रगति की निगरानी:** प्रत्येक धन-धान्य जिले की प्रगति को 117 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के माध्यम से केंद्रीय मॉनिटरिंग डैशबोर्ड पर ट्रैक किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आदिवासी ग्राम विज़न 2030 घोषणा-पत्र

## चर्चा में क्यों?

- देशभर के आदिवासी बहुल गांवों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान "आदिवासी ग्राम विज़न 2030 घोषणा-पत्र" को अपनाया गया।

## मुख्य बिन्दु:

- जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के एक भाग के रूप में इस घोषणा-पत्र को अपनाया गया है।
- यह घोषणा-पत्र सामुदायिक नेतृत्व वाले विकास तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन, और अवसंरचना से जुड़े ठोस लक्ष्यों पर केंद्रित है।
- घोषणा-पत्र में यह भी प्रस्तावित किया गया है कि प्रत्येक गांव में "आदि सेवा केंद्र" स्थापित किए जाएंगे, जो नागरिकों के लिए सिंगल-विंडो सेवा केंद्र के रूप में कार्य करेंगे।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## रुपये का अंतर्राष्ट्रीयकरण

### चर्चा में क्यों?

- RBI ने भारतीय रुपये (INR) के अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों की घोषणा की है।

### मुख्य बिन्दु:

- **रुपये का अंतर्राष्ट्रीयकरण:** भारतीय रुपये को वैश्विक व्यापार और वित्तीय लेन-देन के लिए उपयोग किया जा सकेगा।

**घोषित किए गए प्रमुख उपाय**

- **अनिवासियों को भारतीय रुपये में ऋण:** भारत में प्राधिकृत डीलर बैंकों और उनकी विदेशी शाखाओं को बैंक सहित भूटान, नेपाल और श्रीलंका के निवासियों को भारतीय रुपये में ऋण देने की अनुमति होगी।
- **पारदर्शी रेफरेंस रेट स्थापित करना:** फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया लिमिटेड (FBIL) प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के सापेक्ष रुपये के लिए पारदर्शी रेफरेंस रेट विकसित करेगा।
- **स्पेशल रूपी वोस्ट्रो अकाउंट्स (SRVAs) का उपयोग बढ़ाना:** SRVA के बैलेंस का उपयोग अब कॉर्पोरेट बॉण्ड्स और कमर्शियल पेपर्स में निवेश करने के लिए किया जा सकता है।
- इससे पहले, SRVA के बैलेंस को केवल केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करने की अनुमति थी।
- SRVA एक ऐसा खाता होता है, जिसे एक विदेशी बैंक द्वारा भारतीय बैंक में खोला जाता है, ताकि व्यापारिक लेन-देन रुपये को विदेशी मुद्रा में बदले बिना सीधे भारतीय रुपये में निपटाए जा सकें।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्टेबलकॉइन

## चर्चा में क्यों?

- वित्त मंत्री ने कहा कि स्टेबलकॉइन्स जैसे नवाचारों ने धन और पूंजी प्रवाह के परिदृश्य को बदल दिया है।

## मुख्य बिन्दु:

- **स्टेबलकॉइन:** स्टेबलकॉइन्स ऐसी क्रिप्टोकरेंसी होती हैं, जो स्थिर (स्टेबल) परिसम्पतियों से जुड़ी होती हैं, जैसे कि फिएट मुद्राएं (यू.एस. डॉलर), मुद्राओं का समूह, या कीमती धातुएं।

**महत्त्व:**

- ये सामान्य क्रिप्टोकरेंसी (जैसे बिटकॉइन) की तुलना में अधिक स्थिर होती हैं, ताकि उतार-चढ़ाव को कम किया जा सके।
- इनका लेन-देन आसान और तीव्र होता है, खासकर सीमा-पार धन की आवाजाही के लिए।

**जोखिम:**

- ये वित्तीय स्थिरता के समक्ष खतरा उत्पन्न कर सकती हैं, और यदि बहुत से निवेशक एक साथ अपनी स्टेबलकॉइन्स को बेचने का प्रयास करते हैं, तो इससे रन रिस्क उत्पन्न हो सकता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## नैटपोलरेक्स-अभ्यास, 2025

**चर्चा में क्यों?**

- **भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 5 से 6 अक्टूबर, 2025 को तमिलनाडु में चेन्नई के तट पर राष्ट्रीय स्तर के प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास "नैटपोलरेक्स-अभ्यास" के 10वें संस्करण का आयोजन किया गया।**
- **भारतीय तटरक्षक बल (ICG) 27वीं राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिक योजना (NOSDCP) की तैयारी बैठक का आयोजन भी किया गया।**

| | | |
|---|---|---|
| **Mechanical Recovery**  | Vessels maneuver containment boom to capture and concentrate spilled oil. Oil is then removed from the water's surface with a skimmer. Recovered oil is stored and disposed of. | + Oil is removed from the environment.<br>- Oil and water/debris must be stored.<br>- Resource intensive (vessels, people, equipment). |
| **Chemical Dispersants**  | Chemicals are applied to the oil spill that break the slick into smaller droplets that mix into the water, avoiding contamination of areas like beaches or tide flats. | + Oil removed from the surface of the water.<br>- Oil is not actually removed from the environment.<br>- Impact of oil spill is shifted to below the ocean surface.<br>- Dispersants themselves may be toxic. |
| **In-Situ Burning**  | Vessels maneuver containment boom to contain and thicken the slick. Oil is then burned off the water's surface in a controlled fashion. Oil contained by ice may be able to be burned as well. | + Oil removed from the surface of the water.<br>- Potential for air quality impacts due to smoke.<br>- Residue sinks if not collected and may be toxic. |
| **Tracking & Surveillance**  | Spill observation and mapping via aircraft or marine vessel, tracking buoys, or infrared technology may be used to find the spill. | + Critical for determining the extent and trajectory of an oil slick.<br>- Method and effectiveness can be very limited by visibility. |
| **Shoreline Cleanup**  | Spilled oil which reaches the shore can be collected through a variety of methods, including spraying down with hoses, soaking up with absorbent materials or digging (manually or with heavy equipment). | + Oil is removed from shoreline or displaced into the water for removal.<br>- Labor and time intensive.<br>- Impacts may have already occurred, or could be worsened. |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य :** यह द्विवार्षिक प्रमुख अभ्यास समुद्री तेल रिसाव की घटनाओं से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय तैयारियों के मूल्यांकन और सुदृढ़ीकरण करने के साथ-साथ, NOSDCP ढांचे के तहत विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की प्रभावशीलता का परीक्षण करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में केंद्रीय मंत्रालयों, तटीय राज्य सरकारों, प्रमुख बंदरगाहों, तेल प्रबंधन एजेंसियों और विभिन्न समुद्री संगठनों की सक्रिय भागीदारी हुई।
- इस अवसर पर 100 से अधिक राष्ट्रीय प्रतिनिधि और 32 देशों से आए 40 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक भी शामिल हुए, जिन्होनें समुद्री प्रदूषण नियंत्रण कार्रवाई के क्षेत्र में भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रासंगिकता को प्रदर्शित किया।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **तेल रिसाव :** इसका तात्पर्य मानवीय गतिविधियों के परिणामस्वरूप पर्यावरण में, विशेष रूप से महासागरों, नदियों या तटीय जल में तरल पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन के रिसाव से है।
- **स्रोत और प्रभाव:** डीजल, पेट्रोलियम, कच्चा तेल और अन्य हाइड्रोकार्बन टैंकरों, अपतटीय प्लेटफार्मों, ड्रिलिंग रिंग या कुओं जैसे स्रोतों से निकल सकते हैं, जिनका समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र, तटीय आजीविका और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है।

### तेल रिसाव के समाधान:

| उपाय | विवरण |
|---|---|
| स्किमर्स | यांत्रिक उपकरण जो सुरक्षित निपटान या पुनर्चक्रण के लिए जल सतह से तेल एकत्र करते हैं। |
| सोरबेंट्स | वे पानी से तेल को अवशोषित या अधिशोषित कर लेते हैं और प्राथमिक सफाई के बाद छोटे रिसाव या अवशिष्ट तेल के लिए विशेष रूप से उपयोगी होते हैं।<br>**उदाहरण :** प्राकृतिक सोर्बेंट्स (स्ट्रॉ, ज्वालामुखीय राख), सिंथेटिक (पॉलिएस्टर-व्युत्पन्न प्लास्टिक छीलन)। |
| डिस्पर्सिंग एजेंट (Dispersing Agents) | ऐसे रसायन, जिनमें यौगिक या सर्फेक्टेंट होते हैं जो तेल को छोटी-छोटी बूंदों में तोड़ देते हैं। इनका अधिकतर उपयोग जल निकायों को साफ करने के लिए किया जाता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| बायोरेमेडिएशन तकनीक | दूषित पदार्थों को खत्म करने के लिए साइक्लोक्लास्टिकस, ओलेस्पिरा, पैरापरलुसीडिबाका और थैलासोलिटस झोंगशानिया जैसे बैक्टीरिया का उपयोग करती है। |
| कंटेनमेंट बूम (Containment Booms) | तेल को समुद्र में फैलने से रोकने के लिए वैज्ञानिक बूम या फ्लोटिंग बैरियर का उपयोग करते हैं। यह तेल को तेजी से हटाने और फैलाने में भी मदद करता है। |

- **भारत में तेल रिसाव घटनाओं के उदाहरण :** चेन्नई (2023 और 2017), सुंदरबन (2014), ओएनजीसी उरण (2013), मुंबई (2010)।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत-ब्रिटेन अभ्यास कोंकण, 2025



## चर्चा में क्यों?

- 5 अक्टूबर, 2025 को भारतीय नौसेना और रॉयल नेवी के मध्य द्विपक्षीय अभ्यास कोंकण-2025, भारत के पश्चिमी तट पर शुरू हुआ।

## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 5 से 12 अक्टूबर 2025 तक दो चरणों में भारत के पश्चिमी तट पर आयोजित किया जा रहा हैं।
- **शुरुआत :** दोनों देशों की नौसेनाओं के मध्य वर्ष 2004 से प्रत्येक दो साल में यह अभ्यास आयोजित होता है।
- यह अभ्यास सुरक्षित, खुले और मुक्त समुद्र सुनिश्चित करने के साथ भारत-यूके विज़न 2035 में उल्लिखित व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करता है।
- HMM प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (UK CSG-25) की भागीदारी, जिसमें नॉर्वे और जापान की संपत्तियाँ भी शामिल हैं, इस वर्ष के संस्करण को और भी महत्वपूर्ण बनाती है।
- भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व स्वदेशी विमानवाहक पोत INS विक्रांत के वाहक युद्ध समूह के साथ-साथ अन्य सतह, उप-सतह और वायु लड़ाकू पोतों द्वारा किया जाएगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**चरण**

**बंदरगाह चरण :** नौसैनिकों के बीच पेशेवर बातचीत, क्रॉस-डेक दौरे, खेल कार्यक्रम और सांस्कृतिक आदान-प्रदान शामिल होंगे।

**समुद्री चरण :** जटिल समुद्री परिचालन अभ्यास शामिल होंगे, जो वायु-रोधी, सतह-रोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध, उड़ान संचालन और अन्य नौसैन्य कौशल विकास पर केंद्रित होंगे।

| अभ्यास | प्रतिभागियों का देश | आयोजित स्थान | अवधि |
|---|---|---|---|
| सूर्य किरण | भारत-नेपाल | सलझंडी, नेपाल | 31 दिसंबर, 2024 से 13 जनवरी, 2025 तक |
| Exercise Cyclone | भारत- मिस्र | महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, राजस्थान | 10 से 23 फरवरी, 2025 तक। |
| धर्म गार्जियन (15वां संस्करण) | भारत-जापान | जापान का पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र | 24 फरवरी से 9 मार्च, 2025 तक। |
| खंजर-XII | भारत-किर्गिस्तान | किर्गिज़स्तान | 10 मार्च से 23 मार्च, 2025 |
| अभ्यास डस्टलिक-6 | भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य | पुणे, महाराष्ट्र में औंध | 16 अप्रैल से 28 अप्रैल, 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | |
|---|---|---|---|
| अभ्यास डेजर्ट फ्लैग-10 | ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका | संयुक्त अरब अमीरात | 20 अप्रैल से 8 मई, 2025 |
| नोमैडिक एलीफेंट | भारत- मंगोलिया | उलानबटार, मंगोलिया | 31 मई, से 13 जून, 2025 तक |
| अभ्यास शक्ति-VIII | भारत और फ्रांस | कैंप लार्ज़ैक, ला कैवेलरी, फ़्रांस | 18 जून, 2025 से 1जुलाई, 2025 तक |
| ख़ान क्वेस्ट अभ्यास, 2025 | संयुक्त राज्य अमेरिका और मंगोलिया, | उलानबटार, मंगोलिया | - |
| पैसेज अभ्यास (पासेक्स), 2025 | भारत और ब्रिटेन | उत्तरी अरब सागर | - |
| सिम्बेक्स अभ्यास , 2025 | आरएसएन और भारतीय नौसेना | आरएसएस सिंगापुर-चांगी नौसेना बेस | 28 जुलाई से 1 अगस्त तक |
| दिव्य दृष्टि अभ्यास, 2025 | | पूर्वी सिक्किम | - |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | |
|---|---|---|---|
| अभ्यास स्लाइनेक्स, 2025 | भारत – श्रीलंका | कोलंबो बंदरगाह | कोलंबो में हार्बर चरण ; 14 से 16 अगस्त, 2025 तक,<br>समुद्री चरण ; 17 से 18 अगस्त, 2025 तक। |
| अभ्यास ब्राइट स्टार, 2025 | संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र और भारत, सऊदी अरब, कतर, ग्रीस, साइप्रस और इटली की सेनाएँ | अलेक्जेंड्रिया इजीप्ट | 1 से 10 सितंबर, 2025 |
| अभ्यास मैत्री – XIV | भारत और थाईलैंड | संयुक्त प्रशिक्षण नोड (जेटीएन), उमरोई, मेघालय | 1 से 14 सितंबर, 2025 |
| युद्ध अभ्यास, 2025 | भारत और अमेरिका | फोर्ट वेनराइट, अलास्का, संयुक्त राज्य अमेरिका | 1से 14 सितंबर, 2025 |
| अभ्यास कोंकण, 2025 | भारत और ब्रिटेन | पश्चिमी हिंद महासागर | 5 से 12 अक्टूबर, 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## भारत को ISSA अवॉर्ड 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारत को ISSA अवॉर्ड, इंटरनेशनल सोशल सिक्योरिटी एसोसिएशन (ISSA) द्वारा आयोजित वर्ल्ड सोशल सिक्योरिटी फोरम 2025 में प्रदान किया गया है।

### मुख्य बिन्दु:

- उल्लेखनीय है कि भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 के 19% से बढ़कर 2025 में 64.3% हो गया है। इस प्रकार भारत में वर्तमान में 940 मिलियन से अधिक नागरिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ गए हैं। इसी उपलब्धि के लिए भारत को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने इस कवरेज को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस, 2025 : 2 अक्टूबर

### चर्चा में क्यों?

- 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के रूप में और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- जून, 2007 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित एक प्रस्ताव (तत्कालीन विदेश राज्य मंत्री आनंद शर्मा द्वारा रखा गया) के बाद विश्व भर में इसे अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र में इस प्रस्ताव को 140 से अधिक देशों ने समर्थन दिया था।
- प्रस्ताव में "अहिंसा के सिद्धांत की सार्वभौमिक प्रासंगिकता" तथा "शांति, सहिष्णुता, समझ और अहिंसा की संस्कृति को सुरक्षित करने की इच्छा" की पुष्टि की गई है।

**महात्मा गांधी का अहिंसा का दर्शन ;**

- अहिंसा का अर्थ : "चोट न पहुँचाना" या "करुणा"
- इसका तात्पर्य सामाजिक या राजनीतिक परिवर्तन हासिल करने हेतु पूर्ण अहिंसा से है, जिसमें कोई शारीरिक हिंसा और कोई निष्क्रिय हिंसा शामिल नहीं है।

**महात्मा गांधी के दर्शन से प्रेरित अन्य प्रसिद्ध नेता :**

- **मार्टिन लूथर किंग जूनियर:** इन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में नागरिक आंदोलन में अहिंसा के दर्शन का प्रयोग किया।
- **नेल्सन मंडेला:** इन्होंने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में अहिंसा के दर्शन का प्रयोग किया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## गांधीवादी विचारधाराएँ और गांधीवादी सिद्धांत:




## गांधी की समकालीन वैश्विक प्रासंगिकता :

- **आधुनिक संकटों का समाधान :** गांधीजी का अहिंसा का दर्शन हिंसक संघर्ष, आतंकवाद, आर्थिक असमानता, महामारी एवं जलवायु परिवर्तन सहित आज की विविध चुनौतियों से निपटने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।
- **संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सिद्धांत :** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि गांधीजी का दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्र के कामकाज का प्रमुख स्तंभ है और उनके विचार सतत विकास के 2030 के एजेंडे का पूर्वाभास देते हैं। गांधीजी ने सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के निर्माण से बहुत पहले ही स्वच्छता, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, भुखमरी निवारण और विकास के क्रम में साझेदारी की दिशा में व्यापक काम किया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### गांधीवादी दर्शन पर आधारित सरकारी पहल :

| पहल | शुभारंभ | गांधीवादी दर्शन |
|---|---|---|
| स्वच्छ भारत मिशन | वर्ष 2014 (गांधी जयंती) | "सफाई ही असली भक्ति है" |
| स्वयं सहायता समूह (SHG) | दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन | सहकारी अर्थशास्त्र और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण |
| स्वामित्व योजना | वर्ष 2020 में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर शुभारंभ | ग्राम स्वावलंबन और पंचायती राज |
| खादी एवं ग्रामोद्योग | KVIC के जरिए जारी प्रचार | स्वदेशी का दर्शन और ग्राम-आधारित उत्पादन |
| प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान | 2 अक्टूबर, 2024 को झारखंड के हजारीबाग से | राष्ट्रीय विकास के लिए जनजातीय समुदाय की उन्नति |
| महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम | वर्ष 2008 तक पूरे देश में लागू | सम्मानजनक कार्य का अधिकार और समावेशी ग्रामीण विकास |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व शिक्षक दिवस, 2025 : 5 अक्टूबर




## मुख्य बिन्दु:

### विश्व शिक्षक दिवस का इतिहास :

| वर्ष | प्रमुख घटना | विवरण |
|---|---|---|
| 1966 | यूनेस्को और ILO की सिफारिश | शिक्षकों के अधिकार, जिम्मेदारियाँ और कार्य परिस्थितियों से जुड़ा अंतरराष्ट्रीय मानक तय किया गया। |
| 1994 | पहली बार विश्व शिक्षक दिवस मनाया गया। | UNESCO द्वारा आधिकारिक तौर पर 5 अक्टूबर को घोषित किया गया। |
| 1997 | उच्च शिक्षा के शिक्षकों को भी जोड़ा गया। | "उच्च शिक्षा शिक्षण कर्मियों की स्थिति के संबंध में सिफारिश" (Recommendation concerning the Status of Higher-Education Teaching Personnel) के तहत। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | विश्व शिक्षक दिवस | राष्ट्रीय शिक्षक दिवस |
|---|---|---|
| आयोजन | 5 अक्टूबर | 5 सितंबर |
| शुरुआत और क्यों | यूनेस्को ने आधिकारिक तौर पर वर्ष 1994 में पहला विश्व शिक्षक दिवस घोषित किया था। | वर्ष 1962 से , यह डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन है, जो एक महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे। |
| आयोजक | यूनेस्को, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, यूनिसेफ और एजुकेशन इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से। | शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग |
| वर्ष 2025' की थीम | "Redefining Teaching as a Collaborative Profession" ("शिक्षण को सहयोगी पेशे के रूप में पुनर्परिभाषित करना") | "Inspiring the Next Generation of Learners" ("शिक्षार्थियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करना") |

**Note :**

**वर्ष 2025 का अंतरराष्ट्रीय आयोजन :**

| आयोजन स्थल | राजधानी | आयोजक |
|---|---|---|
| अदीस अबाबा, इथियोपिया | अफ्रीकी संघ के नेतृत्व में। | UNESCO, UNICEF, ILO और Education International के साथ। |

**"सहयोगी शिक्षण संस्कृति" की आवश्यकता क्यों?**

| समस्या | प्रभाव | समाधान |
|---|---|---|
| सीमित संसाधन | शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित | सहयोगी नेटवर्क बनाना |
| अकेलापन | पेशे से थकान और छोड़ने की प्रवृत्ति | टीम टीचिंग को बढ़ावा |
| मार्गदर्शन की कमी | नई सोच और नवाचार पर असर | शिक्षकों के बीच विचार साझा मंच |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने नई दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2025 में 6 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य सहित 22 पदक जीते।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- आयोजन : 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली।
- संस्करण : 12वां
- मेजबान देश : भारत (पहली बार)
- पदक स्पर्धाएँ : 186
- शुभंकर : 'विराज' ; समावेशिता और शक्ति का प्रतीक

- नाम : विराज
- रूप : ब्लेड प्रोस्थेसिस से सुसज्जित एक युवा हाथी।
- लॉन्चकर्ता : भारतीय पैरालंपिक समिति (PCI)

**प्रतीकात्मकता :**

- शक्ति और साहस का प्रतीक।
- लचीलापन और समावेशिता का संदेश।
- पैरा-एथलीट्स की भावना को दर्शाता है।




**पदक तालिका :**

| रैंक | देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1st | ब्राजील | 15 | 20 | 9 | 44 |
| 2nd | चीन | 13 | 22 | 17 | 52 |
| 3rd | ईरान | 9 | 2 | 5 | 16 |
| 4th | नीदरलैंड | 8 | 3 | 1 | 12 |
| 5th | पोलैंड | 8 | 2 | 6 | 16 |
| 6th | कोलंबिया | 7 | 10 | 4 | 21 |
| 7th | ब्रिटेन | 7 | 5 | 13 | 25 |
| 8th | इटली | 7 | 1 | 3 | 11 |
| 9th | अमेरिका | 6 | 9 | 12 | 27 |
| 10th | भारत | 6 | 9 | 7 | 22 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रमुख खिलाड़ी :

- **तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड :** भारत ने इस चैंपियनशिप में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए।

1. दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने F64 वर्ग में 71.37 मीटर भाला फेंककर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया।
2. बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद T42 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया।
3. पहली बार विश्व चैंपियन बने रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला F46 स्पर्धा में 66.37 मीटर की दूरी तय करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया।

### पदक विजेता खिलाड़ी :

| स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक |
|---|---|---|
| सिमरन शर्मा - महिला 100 मीटर T12 | सिमरन शर्मा - महिला 200 मीटर T12 | संदीप - पुरुष 200 मीटर T44 |
| शैलेश कुमार - पुरुष ऊंची कूद T63 | प्रीति पाल- महिला 200 मीटर T35 | सोमन राणा - पुरुष गोला फेंक F57 |
| रिंकू हुड्डा - पुरुष भाला फेंक F46 | एकता भयान- महिला क्लब थ्रो F51 | प्रवीण कुमार - पुरुष ऊंची कूद T64 |
| सुमित अंतिल - पुरुष भाला फेंक F64 | दीप्ति जीवनजी- महिला 400 मीटर T20 | प्रीति पाल - महिला 200 मीटर T 35 |
| | | वरुण सिंह भाटी - पुरुष ऊंची कूद T63 |
| संदीप सर्गर - पुरुष भाला फेंक F44 | नवदीप सिंह- पुरुष भाला फेंक F41 | प्रदीप कुमार - पुरुष चक्का फेंक F44 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| **निषाद कुमार - पुरुष ऊंची कूद T 47** | **धरमबीर नैन- पुरुष क्लब थ्रो F51** | **अतुल कौशिक - पुरुष चक्का फेंक F57** |
| | **संदीप- पुरुष भाला फेंक F44** | |
| | **योगेश कथुनिया- पुरुष डिस्कस थ्रो F56** | |
| | **सुंदर सिंह गुर्जर- पुरुष भाला फेंक F46** | |

- **Note: इससे पहले भारत ने जापान के कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियशिप में कुल 17 पदक (छह स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य) जीते थे।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR